28. संवाद लेखन

संवाद का अर्थ है बातचीत या वार्तालाप करना। सामान्य रूप से दो लोगों के बीच होने वाली बातचीत संवाद कहलाती है। संवाद के द्‌वारा ही हम अपने मन के भावों एवं विचारों को व्यक्त करते हैं तथा दूसरों के मन की बात जानते हैं।

शिक्षण-संकेत

- शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को संवाद लेखन से परिचित करवाएँ।
- संवाद की परिभाषा बताएँ तथा याद करवाएँ।
- संवाद लेखन में किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, इससे अवगत कराएँ।
- पाठ पृष्ठ 211-219 पर दिए गए उदाहरणों द्‌वारा संवादों के बारे में समझाएँ।
- छात्रों से आपस में संवाद बोलने या ब्लैकबोर्ड पर संवाद लिखने को कहें।
- उन्हें विभिन्न विषयों पर संवाद लिखने के लिए प्रेरित करें।
- पाठ अभ्यास करवाएँ तथा यथासंभव सहायता करें।